युवा पुलिस अधिकारी रील बनाने से अधिक नागरिकों की समस्याओं पर ध्यान दें

शराब माफिया के खिलाफ निडरता से कार्रवाई करे पुलिसः डॉ. यादव



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवा पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया पर रील बनाने से अधिक आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान पर ध्यान दें। पुलिस अधिकारी गरीबों, महिलाओं और बच्चों की मदद के लिए देवदूत की तरह कार्य करें।

पुलिस की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है, जिसे निष्पक्षता और न्यायपूर्ण कार्रवाई से अर्जित किया जाता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी में 44वें एवं 45वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 48 अधिकारियों में 20 महिला अधिकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को पुरस्कृत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने दस्यु समस्या के उन्मूलन के बाद नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाकर देश में कीर्तिमान स्थापित किया है। अब प्रदेश को वर्ष 2029 तक नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने अवैध शराब के कारोबार और शराब माफिया के खिलाफ निडरता से कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पुलिस अकादमी में बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं के लिए 12 करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम बनाने, विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने और एक किलोमीटर लंबी एप्रोच रोड निर्माण की घोषणा की गई।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि बदलते अपराधों से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक और सायबर अपराधों के खिलाफ पुलिस की क्षमता बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से संविधान के प्रति निष्ठा, नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का आह्वान किया।

छिंदवाड़ा के किसानों ने मेहनत से खेती में बनाई विशिष्ट पहचान : मुख्यमंत्री

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा के मेहनती किसानों ने खेती के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जिले का संतरा जीआई टैग से पहचान हासिल कर चुका है, वहीं स्वीट कॉर्न और मक्का उत्पादन में भी छिंदवाड़ा की अलग पहचान है। राज्य सरकार किसानों को बेहतर भंडारण, प्रोसेसिंग यूनिट और राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।मुख्यमंत्री मंगलवार को छिंदवाड़ा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा को प्रदेश की कॉर्न सिटी कहा जाता है।

आंध्र प्रदेश के तट से टकराया मुरासु आठ जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट

मुरासु के समाप्त होने के बाद गिरेगा रात का तापमान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बंगाल की खाड़ी में उठकर आगे बढ़ा भीषण चक्रवाती तूफान आंध्र प्रदेश के तट से टकराने के बाद आगे बढ़ रहा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इसके मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि में और कमजोर पड़कर अवदाब के क्षेत्र में बदलने की संभावना है।

इसके असर से पूर्वी मध्य प्रदेश में बादल छाने लगे हैं। शेष क्षेत्रों में भी आंशिक बादल देखे जा रहे है। बैतूल, अनूपपुर, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्ना जिले में बुधवार को गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मंगलवार सुबह तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। रात का सबसे कम 14.4 डिग्री सेल्सियस तापमान शाजापुर में दर्ज किया गया।

सक्रिय मौसम प्रणालियां

बंगाल की खाड़ी में उठा भीषण चक्रवाती तूफान सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश से टकरा गया। उत्तर, उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए वह कमजोर पड़कर चक्रवाती तूफान में परिवर्तित हो गया। इसके मध्य रात्रि तक और कमजोर होकर अवदाब के क्षेत्र में बदलने के आसार हैं। उत्तरी हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि मुरासु का मध्य प्रदेश के मौसम पर विशेष प्रभाव पड़ने की आशंका कम है। बुधवार के लिए आठ जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। तूफान के गुजरने के बाद प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की भी संभावना है।

मुख्यमंत्री से मिले हॉकी फेडरेशन के सचिव भोलानाथ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को मंत्रालय में भारतीय हॉकी फेडरेशन के सचिव भोलानाथ सिंह ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री सिंह ने मुख्यमंत्री को हॉकी स्टिक और विशेष जर्सी भेंट की। जर्सी पर एशियन गेम्स-2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्यों के नाम और हस्ताक्षर अंकित हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खेल प्रोत्साहन योजनाओं और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास सारंग उपस्थित रहे।



दीपावली सभी के जीवन में नई ऊर्जा समृद्धि और खुशहाली लाए : डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले संबोधन में प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपों का महापर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

उन्होंने स्वदेशी उत्पाद खरीदकर स्थानीय व्यवसायियों और माटीकला शिल्पियों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति, पर्वत और गौवंश संरक्षण की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर वृंदावन ग्रामों में पशुपालकों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रथम तीन विजेताओं को गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में इंदौर-उज्जैन-भोपाल क्षेत्र में वर्ष 2047 तक 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने, 15 टाउनशिप विकसित करने और 30 हजार एकड़ क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास की योजना प्रस्तुत की गई।

पैरामेडिकल कॉलेजों में प्रवेश 15 से पहले करें: शुक्ल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के विस्तार, विशेषज्ञ सेवाओं, मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं, मानव संसाधन और भर्ती प्रक्रियाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए।

श्री शुक्ल ने प्रदेश के पैरामेडिकल महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया 15 नवंबर से पहले पूर्ण करने को कहा, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां समय पर शुरू हो सकें। प्रदेश के पुराने पांच मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग विकसित करने की कार्यवाही प्राथमिकता से पूरी करने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक उपकरण, विशेषज्ञ मानव संसाधन और आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन शीघ्र जारी करने तथा चयन और साक्षात्कार की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधकों की काउंसलिंग और आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती प्रक्रिया भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। आप ने ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी, इम्यूनोहेमेटोलॉजी व ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के सृजन की कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

कृषि एवं उद्यानिकी मंत्रियों ने 'विरासत से विकास' प्रदर्शनी का किया अवलोकन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंषाना तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर लाल परेड ग्राउंड में आयोजित 'विरासत से विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर मध्यप्रदेश' प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी स्टॉल का भ्रमण कर उत्पादों और नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

मंत्रीद्वय ने आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत तकनीकों और विभिन्न उद्यानिकी फसलों के बारे में जाना। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी ली। मंत्रियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचारों से प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है। किसान सशक्तिकरण और कृषि का समग्र विकास प्रदेश की समृद्धि का आधार है। दोनों मंत्रियों ने कृषि समागम में भी सहभागिता की।



• सजाया किसी ने, मजे कोई और के...



महाकौशल क्षेत्र से पधारे एक युवा अधिकारी अपने रहन-सहन पर विशेष फोकस रखते हैं। वे पहले जहां रहते थे, उस जगह पर भी उन्होंने बहुत अच्छा काम करवाया था। लेकिन अभी जहां पदस्थ हुए, वहां उन्होंने अपनी पसंद और सुविधाओं को ध्यान में रखकर बहुत अच्छा काम कराया। लेकिन हाय री किस्मत, काम किसी और का, मजे किसी और के!



• कहां चूक हो गई...

लंबे समय से लगातार महत्वपूर्ण पदों पर रहीं एक अधिकारी को अचानक जिलाधीश पद से हटाया जाना अभी तक पच नहीं पा रहा है, क्योंकि उनके शानदार काम, व्यवहार और संपर्कों से सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन चूक कहां हुई, इसी पर उनकी टीम और शुभचिंतक चिंतन करने में जुटे हैं।

• हटाने से ज्यादा आरोप का दुख...



एक महत्वपूर्ण पदस्थापना पर पदस्थ अधिकारी को अचानक अपनी पदस्थापना बदलने और लूप लाइन में पहुंचने का उतना दुख नहीं हुआ, जितनी उनके ऊपर लगे आरोपों से उनके हृदय को ठेस पहुंची है।




• बड़े साहब और छोटे साहब के बीच पिसते...

मध्यप्रदेश में इन दिनों बड़े-बड़े आरोपों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ डॉ. मोहन यादव की जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण हलचल है। लेकिन एक अधिकारी का तमाम आरोपों के बाद भी पद पर पदस्थ रहना बड़े साहब की मेहरबानी नजर आ रही है।

• नाफरमानी और नियम...



पिछले दिनों नगर निगम राजधानी को तेजी से कैटल फ्री करने के साथ-साथ आवारा डॉग्स को भी शहर से बाहर करने की बड़ी योजना पर काम कर रहा है। लेकिन चार इमली, चौहत्तर बंगले सहित कुछ वीवीआईपी क्षेत्रों में गाय और डॉग पालने का शौक कार्रवाई करने वालों पर भारी पड़ रहा है। कुछ लोगों ने तो सार्वजनिक रूप से जिम्मेदार अधिकारियों से सवाल पूछे, तो अधिकारियों की हवाइयां उड़ने लगीं।



• नियमानुसार काम का दर्द

एक जिले में पदस्थ युवा पीढ़ी के साहब की कार्यप्रणाली पर सबकी निगाहें लगी हुई हैं। साहब बड़े-छोटे या अमीर-गरीब, नेता-नौकरशाह से परे सिस्टम के अनुसार काम करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें काम करने दिया जाएगा या नहीं, यह पता नहीं, क्योंकि पहले भी एक जगह से हटाए गए थे। साहब नियमानुसार काम कर रहे थे।

यूआईडीएआई के सभी 36 नए आधार सेवा केंद्र शुरू

नप्र, भोपाल : मध्यप्रदेश में आधार सेवाओं के विस्तार और नागरिकों को सुविधाजनक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सभी 36 नए आधार सेवा केंद्र क्रियाशील हो गए हैं। इनके माध्यम से प्रदेश के बड़े भौगोलिक क्षेत्र में आधार नामांकन और अपडेट की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

पिछले छह वर्षों से प्रदेश में यूआईडीएआई के आधार सेवा केंद्र केवल भोपाल और इंदौर में संचालित थे। सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 36 अतिरिक्त केंद्र स्थापित किए गए हैं। ये केंद्र जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के साथ विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की आबादी वाले जिलों में भी खोले गए हैं। इनमें अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, सीधी, सिंगरौली, डिंडोरी, शिवपुरी, बालाघाट और मंडला शामिल हैं। सभी केंद्रों पर सप्ताह के सातों दिन आधार सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

प्रदेश में 3,062 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं का चयन 16 नवंबर से

नप्र, भोपाल : मध्यप्रदेश में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 3,062 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के चयन की प्रक्रिया 16 नवंबर से प्रारंभ होगी। प्रदेश में लगभग पांच वर्ष बाद यह चयन किया जा रहा है। सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। चयन प्रक्रिया पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने के लिए एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। पात्र महिलाएं 16 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगी। केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे।

ज्योति ज्योत दिवस पर नमन

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिख पंथ के सातवें गुरु, गुरु हरराय के ज्योति ज्योत दिवस पर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि गुरु हरराय के संदेश और उनका मार्गदर्शन अनंतकाल तक लोक कल्याण के प्रयासों को ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।



मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 43/आर-3 स्नेह नगर रोड, गोपालगंज सागर (म.प्र.) - 470001 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन -1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक : डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक : अपूर्व तिवारी। * भोपाल कार्यालय फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. MPHIN/2015/61503, www.naiduniaonline.com